प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल में अनुपूरक बजट पास, सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– विपक्ष के अलोकतांत्रिक रवैये के चलते सदन में नहीं हो सकी चर्चा।
2. एनएचएआई ने कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सड़क धंसने के मामले में ज़िम्मेदारों पर शुरू की कार्रवाई : सड़क मरम्मत पूरी होने तक यात्रियों से नहीं वसूला जाएगा टोल।
3. नीट यूजी काउंसलिंग 2026 के पहले चरण का पंजीकरण आज से शुरू : 12 अगस्त तक होगा पहले चरण का पंजीकरण और शुल्क भुगतान। और
4. राजधानी लखनऊ समेत कई जनपदों में बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने आगामी 2 से 3 दिनों के दौरान भारी वर्षा का जताया अनुमान।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में आज विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच अनुपूरक बजट पास कर दिया। आज ही सदन में संभल हिंसा की रिपोर्ट भी पटल पर रखी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

ने विपक्ष के रवैये पर नाराज़गी जताते हुए उसे लोकतंत्र विरोधी करार दिया। मुख्यमंत्री ने सदन से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार ने उनसठ हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुपूरक बजट पेश किया। सरकार की मंशा इस पर चर्चा करने की थी, लेकिन विपक्ष ने इसमें रुकावट पैदा की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार लगातार प्रदेश के विकास के लिए काम करती रहेगी। बाइट.....

*इसका हम लोग इन्वेस्टिगेशन करके हम लोगों ने एक्शन भी लिया है जैसे कि कंसलटेंट का प्रोजेक्ट मैनेजर जो वहां के डीजीएम हाईवे को इमीडिएट सस्पेंड भी किए हैं और उसको 2 साल के लिए डीबार भी किया गया है। यह ऑलरेडी एक्शन 30 तारीख को ही ले लिया गया है। इसके अलावा जो इंडिपेंडेंट इंजीनियर हैं उनके टीम लीडर जो प्रोजेक्ट के ड्यूरेशन में सुपरविजन में थे और अभी भी थे और रेजिडेंट इंजीनियर उनको भी सस्पेंड कर दिया गया और 2 साल तक के लिए उनको भी डीबार किया गया।*

उधर, विधान परिषद में आज उत्तर प्रदेश विनियोग 2026–2027 का अनुपूरक विधेयक– 2026, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता–संशोधन विधेयक 2026, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय–संशोधन विधेयक, 2026 समेत 12 विधेयक पारित किए गए।

———————

उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने प्रयागराज–चित्रकूट क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दे दी है। अब स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर की तर्ज पर इस क्षेत्र का

भी मास्टर प्लान तैयार कर समग्र विकास किया जाएगा। चित्रकूट के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि करीब 23 हजार वर्ग किलोमीटर में फैले इस विकास क्षेत्र में छह जिले शामिल होंगे। प्रयागराज को जोनल केंद्र बनाया जाएगा, जबकि चित्रकूट को धार्मिक पर्यटन और बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाएगा। कौशांबी को बौद्ध पर्यटन केंद्र, फतेहपुर को कृषि व्यापारिक केंद्र तथा बांदा को बुंदेलखंड का आर्थिक केंद्र बनाया जाएगा। वहीं हमीरपुर और महोबा को खनिज एवं औद्योगिक विकास केंद्र केरूप में विकसित करने की योजना है।

————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई ने कानपुर–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क धंसने के मामले में देखरेख करने वाली कम्पनी और संबंधित अधिकारियों के पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। आज लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में एनएचएआई के क्षेत्राधिकारी गौतम विसाल ने बताया कि परियोजना के निर्माण और निगरानी में पाई गई कमियों के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों की जवाबदेही तय की जा रही है। बाइट.....

*इसका हम लोग इन्वेस्टिगेशन करके हम लोगों ने एक्शन भी लिया है जैसे कि कंसलटेंट का प्रोजेक्ट मैनेजर जो वहां के डीजीएम हाईवे को इमीडिएट सस्पेंड भी किए हैं और उसको 2 साल के लिए डीबार भी किया गया है। यह ऑलरेडी एक्शन 30 तारीख को ही ले लिया गया है। इसके अलावा जो इंडिपेंडेंट इंजीनियर हैं उनके टीम लीडर जो प्रोजेक्ट के ड्यूरेशन*

*में सुपरविजन में थे और अभी भी थे और रेजिडेंट इंजीनियर उनको भी सस्पेंड कर दिया गया और 2 साल तक के लिए उनको भी डीबार किया गया।*

**उन्होंने बताया कि फिलहाल सड़क धंसने वाले स्थान पर यातायात का डायवर्जन कर दिया गया है और वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से जारी है। सुधार कार्य पूरा होने तक यात्रियों से कोई टोल नहीं लिया जाएगा। टोल राजस्व की हानि की वसूली निर्माण और देखरेख करने वाली कम्पनी से की जाएगी।**

———————————

**मेडिकल परामर्श समिति ने नीट यूजी काउंसलिंग 2026 के पहले चरण का पंजीकरण आज से शुरू कर दिया है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण का पंजीकरण और शुल्क भुगतान आज से 12 अगस्त तक होगा। हालांकि शुल्क भुगतान 12 अगस्त शाम 6 बजे तक किया जा सकता है।......**

*अभ्यर्थी कल से 13 अगस्त तक अपनी पसंद दे सकते हैं। अपना चयन बताने की सुविधा 13 अगस्त सवेरे 11 बजे बंद हो जाएगी। पहले चरण की सीट आवंटन प्रक्रिया 13 अगस्त से 16 अगस्त तक चलेगी और परिणाम 17 अगस्त को घोषित किए जाऐंगे। जिन उम्मीदवारों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच अपने संबंधित संस्थानों में रिपोर्ट करना होगा। संस्थान 23 अगस्त को उम्मीदवारों के डेटा का सत्यापन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने उम्मीदवारों को एमसीसी पोर्टल पर पंजीकरण, चयन भरने और सीट आवंटन प्रक्रिया समझने में सहायता करने के लिए वीडियो जारी किए हैं। इन वीडियो का उद्देश्य काउंसलिंग प्रक्रिया को सरल और*

*विद्यार्थी–अनुकूल तरीके से समझाकर उम्मीदवारों को मार्ग दर्शन देना है। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार।*

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा, प्रतिभा और कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में करें। तकनीकी विश्वविद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाओं के विकास पर जोर देते हुए राज्यपाल ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी तकनीकी विश्वविद्यालयों क भवनों को एकरूपता के साथ डिजाइन किया जाए। साथ ही प्रत्येक संस्थान में पांच सदस्यीय समिति गठित की जाए, जिसमें विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए। यह समिति समय–समय पर उपलब्ध संसाधनों,आवश्यक सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों की समीक्षा करेगी।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

बीते 24 घंटो में राजधानी लखनऊ, जौनपुर, हमीरपुर समेत कई अन्य जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़ जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने राज्य मेंसक्रिय मॉनसूनी परिस्थितियों के चलते आगामी 2 से 3 दिनों के दौरान भारी वर्षा का अनुमान जताया है।

——————————

प्रदेश के सभी जनपदों में 9 से 17 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान–2026 का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। प्रदश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 5 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य है। एक रिपोर्ट......

*हर घर तिरंगा अभियान में 6 से 8 अगस्त तक चलने वाले पहले चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगे से प्रेरित कलाकृतियां से सजाया*

*जाएगा। 9 से 12 अगस्त के बीच होने वाले दूसरे चरण में प्रत्येक जनपद के तकनीकी संस्थानों में जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित प्रतियोगिता करायी जाएगी। इसके अलावा तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेले का आयोजन भी किया जाएगा। तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त के बीच शिक्षण संस्थाओं में रैली आयोजित करायी जाएंगी। मेरठ, चौरी–चौरा, झांसी किला, बिठूर, रेजीडेंसी, बलिया, सुहेलदेव स्मारक पर 09–15 अगस्त तक विशेष आयोजन भी किये जाएंगे। इस अभियान के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 2 करोड़ झंडों का निर्माण किया जाएगा। वहीं 1 करोड़ झंडे शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समूहों के माध्यम से तैयार कराये जाएंगे। समाचार कक्ष से सुशील चंद्र तिवारी।*

————————

अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित राम दरबार में दर्शन के लिए पास व्यवस्था खत्म कर दी है। अब श्रद्धालु सामान्य दर्शन कतार से राम लला के दर्शन के बाद सीधे प्रथम तल पर स्थित राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे।

————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रा का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में अमरोहा में आज पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने थाना नौगावां सादात क्षेत्र में मोटरसाइकिल से हरिद्वार जल लेने जा रहे कांवड़ श्रद्धालुओं को हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ यात्रियों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। हापुड़ में कांवड़ यात्रा को

देखते हुए नगरपालिका परिषद ने समुचित व्यवस्था की है। नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए साफ सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश समेत अन्य व्यवस्थाएं भी कराई गई हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है।

(समाप्त)